पंचदश

बिहार विधान-सभा

पंचम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-3

शनिवार, तिथि 27 फाल्गुन, 1934 (श०) / 17 मार्च, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—02

(1) ग्रामीण विकास विभाग	..	..	01
(2) पथ निर्माण विभाग	..	..	01
		कुल योग	02

जांच कराना

''क''-13. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में कुल 17943189 जौब कार्डधारकों में से वर्ष 2011-12 (31 जनवरी, 2012 तक) में 749722 मात्र 6 परसेंट ने ही काम मांगा, जिसमें से भी 735645 को ही काम दिया गया और शेष 14077 काम मांगने वालों को काम नहीं दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि नरेगा के नियम 7. 3. 1 के तहत काम मांगने पर काम उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में मजदूरों को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने का प्रावधान है, परन्तु उपरोक्त 14077 में एक भी मजदूर को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

पथ का निर्माण

34. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री की पहल पर रेल मंत्रालय बदलैन के आधार पर दीघा-आर० ब्लौक रेलवे लाईन की जमीन दीघा-आर० ब्लौक फोर लेन पथ के लिए पथ निर्माण विभाग को देने पर वर्ष 2009 में ही सहमत हो गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि रेल मंत्रालय द्वारा हाजीपुर में जमीन की मांग की गयी जो अभीतक सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है जिसके कारण बहुप्रतीक्षित दीघा-आर० ब्लौक फोर लेन पथ का निर्माण कार्य प्रारम्भ तक नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेल मंत्रालय को हाजीपुर में जमीन उपलब्ध कराकर दीघा-आर० ब्लौक फोर लेन पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना:
दिनांक 17 मार्च, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मी कान्त झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

नोट--''क''-दिनांक 29 फरवरी, 2012 को सदन द्वारा स्थगित ।

बि० स० मु० (एल० ए०), 136-डी०टी०पी०-450